Nai Dunia (Indore), 19th August 2019, Page-7

### आईआईएम इंदौर में आयोजित आई-5 समिट में विशेषज्ञों ने किया मोटिवेट

# नए विचारों से व्यापार को दें नए आयाम



गिरि बालसुब्रमण्यम।

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि

बिजनेस में आगे बढ़ने के लिए कई उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ता है। खुद को हर परिस्थिति के लिए तैयार करना चाहिए, ताकि हर परिस्थिति का सामना करते हुए सफल बिजनेसमैन बन सकें। सिर्फ पैसों के आधार पर बिजनेस नहीं चलता। डिफरेंट आइडिया और यूनिक सोच से बिजनेस को ऊंचाइयां मिलती हैं। बिजनेस के लिए फंडिंग हमेशा उस स्थिति में लें, जब आप डिमांडिंग पॉजिशन पर पहुंच जाए। यह सीख क्विजिंग एक्सपर्ट गिरि बालासुब्रमण्यम ने आईआईएम और आईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में हुए आई-5 समिट के दूसरे दिन रविवार को दी। यहां स्टार्टअप ने अपने प्रोडक्ट के प्रेजेंटेशन दिए और कई इन्वेस्टर्स ने फंडिंग ऑफर की।



आईआईएम और आईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में हुए आई-5 समिट के दूसरे दिन रविवार को बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। ● नईदुनिया

## आंत्रप्रेन्योर वर्ल्ड में जगह बनाने के लिए उम्र की सीमा नहीं



शॉपक्लूज और ड्रुम के फाउंडर संदीप अग्रवाल ने कहा कि बिन्नी बंसल (फ्लिपकार्ट) और विजय शेखर शर्मा (पेटीएम) जैसे ब्रांड बाजार में उतारने वाले यंगस्टर्स देश के हीरो हैं। इन्होंने इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की भावना जगाई है। आंत्रप्रेन्योर वर्ल्ड में जगह बनाने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने बताया कि मैंने 12 साल में सात अलग-अलग कंपनी में काम करने के बाद भी आंत्रप्रेन्योरशिप के उत्साह को बरकरार रखा है।

## आपको सफल बना सकता है डाई हार्ट एटीट्यूड



इनसाइड आईआईएम के को-फाउंडर कुंज संघवी ने कहा कि मैंने अपने दोस्त के साथ बी- स्कूल का ईको सिस्टम तैयार किया, ताकि इसमें स्टूडेंट्स टॉप रिक्रूट्स के साथ जुड़ सकें। उन्होंने अपनी पुस्तक 'पहला कदम' के जरिए बोरिंग फाइनेंशियल कॉन्सेप्ट को बॉलीवुड की फिल्मों के जरिए किस तरह रुचिकर बना सकते हैं इस बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपने बिजनेस को लेकर आपका डाई हार्ट एटीट्यूड आपको सफल बना सकता है।

## अलहदा काम कर रहे हैं युवा

समिट में कई स्टार्टअप ने प्रेजेंटेशन दिए। इसके तहत स्टार्टअप इंदौर आर्टिस्ट ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि किस तरह वे टैलेंट को मंच प्रदान करते हैं। स्पेशल बच्चों के लिए काम करने वाला स्टार्टअप अरुणाभ कम उम्र में बच्चों की क्षमताओं को पहचान करने की कोशिश करता है। साथ ही आउटरिच प्रोग्राम के जरिए आंगनवाड़ियों के बीच लर्निंग गेप को खत्म करता है। उपवास स्टार्टअप व्रत करने वालों को वैरायटी हेल्दी फूड प्रोवॉइड करता है। आईमेंटर डिजिटल सिटीजनशिप एवं इंटरनेट मैच्योरिटी के लिए स्टार्टअप है, जो टीनएजर्स को साइबर से जुड़ी समस्याओं का समाधान बताता है। कार्यक्रम में डिजिटल गुरुकुल की ओर से 'डिजिटल मार्केटिंग इन पॉलिटिक्स' विषय पर वर्कशॉप आयोजित की गई। चाय पे चर्चा सेशन में इन्वेस्टर्स ने स्टार्टअप को लेकर चर्चा की।

## संस्थानों ने ऑफर की फंडिंग

इस समिट के आखिरी और दूसरे दिन रविवार को 15 स्टार्टअप ने आइडिया प्रेजेंट किए। इन्वेस्टर लाइनअप में यूनिट्स कैपिटल के विकास सारड़ा, बैचर कैटेलिस्ट के विनायक नाथ, यूनिकार्न बैंचर सहित कई कंपनियों ने छात्रों को फंडिंग ऑफर की।